# जागरूकता से ही सामाजिक विकास संभव : सालेह मोहम्मद

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ, उप निवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभागीय मंत्री सालेह मोहम्मद ने जागरुकता और शिक्षा को सामाजिक विकास का मूल आधार बताते हुए ग्रामीणों का आहवान किया है कि अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ें और सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए उनके भविष्य को संवारने में पीछे नहीं रहे। केबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद ने गुरुवार को जैसलमेर जिले के मण्डाई में डॉ. नटवरलाल जगाणी की स्मृति में सांवतापार पाठशाला मण्डाई के नवनिर्मित विद्यालय भवन के लोकार्पण समारोह में यह आहवान किया।

उन्होंने फीता काटकर विद्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जैसलमेर नगर परिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, जन प्रतिनिधि, स्कूल संचालक, ग्रामीण तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शैक्षिक विकास और नई पीढ़ी के भविष्य को संवारने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से भरसक प्रयासों में जुटी हुई है। खासकर बालिका शिक्षा के विकास एवं विस्तार की दिशा में सरकार द्वारा अथक प्रयास किए जा रहे हैं। इससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिला है और महिला सशक्तिकरण की नींव मजबूत हो रही है।

विद्यालय भवन निर्माण और बालिका शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित सहभागिता के लिए उन्होंने जगाणी परिवार, सर्वजन हिताय संस्थान तथा ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि इससे शैक्षिक विकास एवं विद्यार्थियों के लिए बेहतर संसाधन एवं सुविधाएं जुटाने की दिशा में सशक्त प्रेरणा का संचार होगा।




**जैसलमेर जिले के मण्डाई में अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ, उप निवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभागीय मंत्री सालेह मोहम्मद के आतिथ्य में डॉ. नटवरलाल जगाणी की स्मृति में सांवतापार पाठशाला के नवनिर्मित विद्यालय भवन लोकार्पण समारोह हुआ।** फोटो-राष्ट्रदूत

# आमजन को लूट रहे हैं कांग्रेस नेता : कैलाश चौधरी

**बाड़मेर**, (निसं)। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं स्थानीय बाड़मेर सांसद कैलाश चौधरी ने गुरूवार को बाड़मेर नगर परिषद क्षेत्र में आवासीय जमीन पर पट्टा देने के मामलों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित चल के अलावा विकास शुल्क के नाम पर स्थानीय लोगों को लूटने का आरोप लगाया।

कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार ने नगर परिषद क्षेत्रों में आवासीय पट्टों के लिए 550 रूपये की राशि निर्धारित कर रखी है। लेकिन नगर परिषद बाड़मेर में विकास शुल्क के नाम पर हजारों रुपए की राशि अलग से वसूली जा रही है। यह एक तरह की अवैध लूट है, इसको लेकर भाजपा बाड़मेर शहर के जनप्रतिनिधियों ने पहले भी मांगपत्र पेश करके विरोध दर्ज कराया है। लेकिन इसको लेकर कोई आवश्यक कार्यवाही नहीं हुई। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं स्थानीय बाड़मेर सांसद कैलाश चौधरी ने बाड़मेर नगर परिषद की ओर से विकास शुल्क के नाम पर मचाई जा रही लूट को लेकर अपना विरोध दर्ज करवाते हुए कहा कि बाड़मेर में स्थानीय लोगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाने में नाकाम नगर परिषद अब विकास शुल्क के नाम पर शहर के लोगों को लूटने में लगी हुई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के नेता एक तरफ जहां बड़े - बड़े पोस्टर छपवा कर जनता की सुविधा के लिए आवासीय पट्टे देने की बातें कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बाड़मेर नगर परिषद में स्थानीय कांग्रेस नेता विकास शुल्क के नाम पर जनता को लूटने में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इसका संज्ञान लेते हुए आम जनता को इस रूट से बचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

# हेमाराम चौधरी जोधपुर आएंगे

**जोधपुर**, (कासं)। वन, पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री राजस्थान सरकार हेमाराम चौधरी शुक्रवार को प्रातः 10 बजे राजकीय वाहन से जोधपुर पहुंचेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमाराम चौधरी दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। 27 नवंबर को वन मंत्री बाड़मेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सार-समाचार

### शिक्षकों का वेतन रोकने पर नाराजगी

**आबूरोड**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेंद्र गहलोत के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भोपालराम पुरोहित के साथ शिक्षकों के प्रधानाचार्य द्वारा अकारण वेतन रोकने पर गहरी नाराजगी जताकर आर्थिक उत्पीड़न के मामले को गम्भीरता से लेकर सेवारत समस्याओं के निवारण पर विस्तार से चर्चा हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेंद्र गहलोत ने सीबीईओ पुरोहित के समक्ष बताया कि शिक्षकों की विभिन्न सेवारत समस्याओं का लम्बे समय से कोई समाधान नही होने से नाराजगी जताकर विभिन्न बिन्दुओं पर सौहार्दपूर्ण माहोल में चर्चा हुई। शिक्षकों की प्रति माह वेतन व्यवस्था माह की पहली तारीख को सुनिश्चित करवानेए शिक्षकों का किसी भी स्थिति में अकारण वेतन नहीं रोकने शिक्षकों का जिस माह में स्थाईकरण हुआ हो उसी माह में शिक्षकों का पुरा वेतन देनेए पीडी हेड में कार्यरत शिक्षकों के प्रतिमाह वेतन व्यवस्था निर्धारित करवाने श्रीमती सरोज धारू के अकारण रोके गये वेतन व वेतन वृद्धि दिलवाने प्रधानाचार्य मावल द्वारा अनाधिकृत रूप से शिक्षक को नोटिस जारी करने पर प्रधानाचार्य के विरूद्ध कार्यवाही करने जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश के बावजूद पीईईओ मुंगथला एवं खडात द्वारा आज तक सत्यनारायण बैरवा व सविता बैरवा के वेतन का भुगतान नहीं करना घोर अवहेलना पर कार्यवाही करने राजकीय प्राथमिक विद्यालय घामसरा फली गिरवर को गलत मेपिंग कर पीईईओ घामसरा बताया हैं जबकि पीईईओ गिरवर हैं उसे सुधारने दुग्ध वितरण के बकाया राशि का बजट स्वीकृत होने के बाद भी भुगतान नहीं होनो खेदजनक हैं उसे भुगतान करने सहित विभिन्न समस्याओं का पुरोहित ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में जगदीश खण्डेलवाल सत्यनारायण बैरवा किशोर कुमार क्रान्ति राठौड उपस्थित थे।

### जोधपुर के भाटी को डॉक्टरेट की उपाधि

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान से जोधपुर जिले की दीपिका श्रीवास्तव को इंटरनेशनल इंटरनशिप विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा फाइन आर्ट्स विषय में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। वहीं जोधपुर के मनीष भाटी को सिद्ध योग में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ. बिन्दु टाक ने बताया कि डॉ. भाटी 23 वर्ष के युवा समाजसेवी है। जिनको मानद डॉक्टरेट से मनोनीत किया गया। दीक्षांत समारोह के दौरान आईआईयू फाउंडर एशिया हेड डॉक्टर पीयूष पंडित, फाउंडर एंड सीईओ उत्कृर्ष क्लासेज डॉ. निर्मल गहलोत, डॉ. परिणी सोमानी आईआईयू ट्रस्टी, जयपुर विश्वविद्यालय डीन एन डी माथुर, सक्रिय सदस्य स्वर्ण भारत परिवार डॉक्टर बिंदु तथा विशेष अतिथियों में अलग-अलग प्रांतों से गणमान्य नागरिक व फिल्म इंडस्ट्री से टैलेंटेड अभिनेता रजा मुराद ,गायक अनूप जलोटा, हे पार्थ अर्जुन - महाभारत के चर्चित कलाकार अर्जुन (फिरोज खान ) उपस्थित रहे। इस अवसर पर द मोस्ट इंस्पायरिंग एजुकेटर ऑन अर्थ बुक की पुस्तक का विमोचन किया गया। डॉ. विजय कुमार स्वरूप चंद शाह पद्मश्री सम्मानित, डॉ श्याम सुंदर पाठक अनंत, डॉ. परीन सोमानी, डॉ. अर्जुन सिंह सांखला, डॉ. जयप्रकाश शर्मा, डॉ. लता सुरेश डॉ. बिंदु टाक आदि मौजूद रहे।

### अरबन हाट में वूलन क्राफ्ट बाजार सजा

**जोधपुर**, (कासं)। स्थानीय अरबन हाट में उद्यम प्रोत्साहन संस्थान एवं जिला उद्योग केन्द्र, जोधपुर द्वारा सात दिवसीय वूलन क्राफ्ट बाजार का आयोजन किया जा रहा है ।समन्वयक अरबन हाट गणेश सागर ने बताया कि वूलन क्राफ्ट बाजार में 26 नवंबर के अटैक में जिन्होंने अपनी जान गवाई उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम होगा। इसी के तहत हेलिंपग पीपल ट्रस्ट के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन 4 बजे एवं इसके बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि क्राफ्ट बाजार में जोधपुर, बाडमेर, कोटा, दिल्ली, पंजाब, जम्मू-कश्मीर एवं मध्यप्रदेश के छोटे-छोटे शिल्पी इकाईया अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेगी ।जिनमें मुख्यत लाख की चूड़ियां, लकडी एवं मेटल के हस्तशिल्प, जोधपुरी बन्धेज, टाई डाई, जूट बैग्स, इमीटेशन ज्वैलरी, जोधपुरी मोजडी, बाड़मेर की कांच कशीदाकारी एवं हैण्डलूम उत्पाद, हैण्डलूम हैण्डमेड दरीयां, पानीपत का हैण्डलूम, पेच वक, बनारसी एवं कोटा डोरिया सुट एवं साडियां, चिकन वर्क सुट, आगारा का ग्लास वर्क, कशमीर के वूलन सुट, शॉल एवं जैकेट, कशमीर की ड्राई फूट पोटरी, बुटिक, गारमेन्ट, मैडप, पर्दे, दरिया एवं हाथ से निर्मित मसाले पापड, अचार मशरूम का आचार बडी, चिप्स एवं हैल्थ ड्रिक्स एवं खाद्य सामग्री की स्टॉलें लगाई जाएगी। क्राफ्ट बाजार के दौरान कैन्टीन की भी व्यवस्था की गई है।

### शिक्षक संगठन नहीं करेगा अधिवेशन

**आबूरोड**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की कोर कमेटी की बैठक गुरूवार को सिरोही जिले में आबूरोड के प्रगतिशील वाटिका सांतपुर में आयोजित हुई। बैठक में कोर कमेटी द्वारा सर्वानुमति से करोना के बढते प्रभाव के मद्देनजर एहतियात बरतने के उद्धेश्य से जिला शैक्षिक सम्मेलन आयोजित नहीं करने का निर्णय लिया। जिला मंत्री प्रवीण लोधा ने बैठक में प्रस्ताव रखा कि इन दिनों राज्य में बढ़ते कोरोना प्रभाव की दृष्टि से जिला सम्मेलन स्वास्थ्य दृष्टि से कतई उपयुक्त नहीं होगा। प्रस्ताव को सर्वसम्मति से बैठक में पारित किया गया। जिला प्रवक्ता जयसिंह चारण तथा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष छैलसिंह अकूना ने कहा कि संगठन अधिवेशन न करते हुए कोरोना पर एहतियात बरतते हुए जिला कार्यकारिणी का वार्षिक चुनाव उक्त तिथियों में सम्पन्न करवाये। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष वरूण गौतम ने प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भेराराम मांजू जिला जालोर को चुनाव अधिकारी नियुक्त किये जाने की जानकारी दी। उनकी उपस्थिति में ही जिला कार्यकारिणी के 29 नवम्बर को चुनाव निश्चित रूप से सम्पन्न करवायें जायेंगे। कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश महिला मंत्री पूर्णिमा परिहार, प्रदेश सचिव ईश्वर सिंह राव, अध्यक्ष सुभाष यादव, जिला महिला मंत्री मिथिलेश बैरवा, जिला कोषाध्यक्ष सुनील मीणा, संगठन मंत्री रमेश राणा, संयुक्त मंत्री हीरालाल मण्डवारिया, प्रकाश मेघवाल, देवीलाल कुमार, उम्मेद राणा, वसीम खान, ईकबाल मोहम्मद, प्रदेश प्रतिनिधि हरिओम परिहार सहित कई जने उपस्थित रहे।

### शुल्क मुक्ति की मांग का ज्ञापन दिया

**जोधपुर**, (कासं) । नगर पालिका क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योग के पट्टा लेने के लिए स्पष्ट नियम नहीं है। नगरपालिका क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कृषि आधारित उद्योग पर से बाह्य विकास शुल्क-शिविर शुल्क मुक्त करने की मांग गई है। इस बारे में एक ज्ञापन पत्र मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम भेजा गया है। अनिल परिहार सैनी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में जो कृषि आधारित उद्योग से बाहरी विकास शुल्क लिया जाता है,वो पूर्ण माफ किया जाएं। कृषि आधारित गोदामें 100 प्रतिशत छूट है, लेकिन कृषि आधारित उद्योग पर छूट स्पष्ट नहीं दे रखी हैं। कृषि उधोग पर से भी 100 प्रतिशत छूट दिलाई जाए। सैनी के अनुसार सभी नगरपालिका क्षेत्र एक कृषि प्रधान क्षेत्र है, जिसमें कई प्रकार की कृषि जींस की पैदावार होती है। नगरपालिका क्षेत्र में उद्यिमयों से कृषि आधारित उद्योग से बाहरी विकास शुल्क / शिविर शुल्क की राशि बहुत बड़ी होती है। इससे नई ईकाइया स्थापित में कठिनाईया आती है तथा अन्य (ठाामीण) क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों से किसी प्रकार का शुल्क राज्य सरकार द्वारा नहीं लिया जा रहा है। नगरीय विकास विभाग के आदेश में बताया गया है 90 क, भू उपयोग परिवर्तन शुल्क, भवन मानचित्र शुल्क लीज राशि व अन्य शुल्क में शत प्रतिशन छूट दी गई है तथा यह स्टष्ट किया हुआ है कि कृषि आधारित वेयर हाऊस गोदाम के भूखण्डों के लिए नगरीय विकायों द्वारा बाहय विकास एवं शिविर पर कोई व्यय नही लिया जाएगा। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि कृषि आधारित उद्योगों पर से बाहरी शुल्क, शिविर शुल्क में छूट प्रदान करने से प्रदेश व राज्य का विकास को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बेरोजगारी भी खत्म होगी।

# ग्राम गैंवा व चौपासनी के खसरों के लिए प्रतापनगर में लगेगा शिविर

**जोधपुर**, (कासं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत शुक्रवार को प्राधिकरण द्वारा जोन पश्चिम ग्राम गैंवा खसरा संख्या 759 से 765, 768, 769/1 वगैरह एवं ग्राम चौपासनी 125 व बट्टे नम्बर, 133 190/149/2, 191/149/1/2 वगैराह, 141, 177/141 से 180/141, 318/149, 320/149, 321/149, 146 के लिए जानकी वल्लभ मंदिर शांतिनाथ नगर प्रतापनगर में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जोन पूर्व ग्राम नान्दडा खुर्द, नान्दडा कलां व श्रीयादे गांव के नवीन प्रस्तावित खसरों, जोन उत्तर ग्राम चैनपुरा के पूर्व अनुमोदित व नवीन प्रस्तावित खसरों तथा जोन दक्षिण ग्राम जोधपुर खसरा संख्या 775/31, 775/112,911/747,775/75 व 776/76 राजस्व ग्राम जोधपुर के लिए जेडीए कार्यालय में षिविर का आयोजन किया जाएगा।

गुरूवार को जोन उत्तर चैनपुरा स्कूल स्थित शिविर में उपायुक्त चंचल वर्मा, पूर्व जेडीए चैयरमेन राजेन्द्र सिंह सोलंकी, जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय पार्षद द्वारा आमजन को पट्टों का वितरण किया गया। इसी प्रकार जोनवार शिविर के दौरान उपायुक्त राजेन्द्र सिंह चांदावत, नीरज मिश्र तथा अनिल कुमार पूनिया अपने-अपने जोन में शिविर स्थल पर अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मौजूद रहे। प्राधिकरण द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत सभी जोन में आवेदकों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए शिविर के दौरान पट्टों का वितरण करने के साथ-साथ जोनवार उपायुक्त के अधिनस्थ अधिकारियों द्वारा आमजन को पट्टें बनवाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

शिविर के दौरान पट्टा, नाम हस्तांतरण, भवन निर्माण अनुमति, उपविभाजन, संयुक्तिकरण, बेचना अनुमति, लीज राशि जमा करवाने इत्यादि कार्यो के लिए आमजन से प्राप्त आवेदनों का त्वरित गति से निस्तारण किया जा रहा है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी शुरू

**सुमेरपुर**, (निसं)। नगर निकायों के साथ ही आम लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने एवं सफाई में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की ओर से हर वर्ष होने वाला स्वच्छता सर्वेक्षण भी इस बार आजादी की 75वीं वर्षगांठ के रंग में रंगा नजर आएगा। सर्वेक्षण जहां 7500 अंको का होगा, वहीं स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 का नाम भी इस बार आजादी75 रखा गया है। केन्द्रीय शहरी मंत्रालय ने इसके लिए स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडो में भी बदलाव किया है। पहली बार सर्वे में सफाई मित्रों यानी सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा को अहम बनाया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय शहरी मंत्रालय की ओर से देशभर में हर साल स्वच्छता सर्वेक्षण करवाया जाता है। हाल ही मंत्रालय की ओर से वर्ष 2021 का भी परिणाम जारी किया गया। अभी तक सर्वे में मंत्रालय की ओर से 6000 अंक अलग-अलग चीजों के निर्धारित थें। इस समय पूरा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। ऐसे में मंत्रालय ने स्व छता सर्वेक्षण को भी आजादी की वर्षगांठ से जोडकर सर्वे का मापदंड तय किया है। इस बार स्वच्छता सर्वे 7500 अंको का होगा। सबसे ज्यादा तीन हजार अंक सेवा स्तर प्रगति के तय किए गए हैं। नागरिकों की आवाज के लिए 2250 व प्रमाणीकरण के लिए 2250 अंक तय किए गए है। जानकारी के अनुसार इस बार डिजीटल ट्रेकिंग पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। सर्वे में कूडज्ञ प्रोसेसिंग, लिटिंग, सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक, कचरे का अलग-अलग निस्तारण तथा प्लांट के लिए 3000 हजार अंक निर्धारित है। इसके तहत देखा जाएगा कि संबधित निकाय ने डिजीटल ट्रेकिंग लागू किया है या नहीं। सर्वेक्षण में सफाई सबंधी व्यवस्था, स्वच्छता एप एवं स्व छता मित्र सुरक्षा को भी जोडा गया है। कूडा लिटिंग की भी सर्वेक्षण पर पूरी पडताल होंगी। सर्वेक्षण का दायरा बढाकर सर्वेक्षण में 100 फीसदी वार्डो को शामिल किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सफाई आयोग के अध्यक्ष का स्वागत किया



**राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकेटेशन का पाली के सर्किट हाउस में स्वागत किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकेटेशन गुरुवार को पाली सर्किट हाउस पहुंचे, जहां ए.डी.एम. व आयुक्त ने उनकी अगुवाई की।

इसके बाद पाली सफाई कर्मचारी यूनियन की ओर से द्वारका प्रसाद जावा, देवाराम , राजू गावरी, मदनलाल तेजी कालूराम आदिवाल मोतीलाल, विनोद तेजी , भोजू मल आदि कर्मचारियों ने एम वेंकटेशन और उनके साथ आए प्रदेश सफाई आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश टायसन का भी स्वागत माला, साफा पहनाकर किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी संघ की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बाल्मीकि समाज के छात्रावास के लिए राशि आवंटित की गई, जिससे शीघ्र ही छात्रावास का निर्माण कराने की मांग की।

सफाई कर्मचारियों के समस्याओं के निराकरण की तरफ ध्यानाकर्षण के लिए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें विभिन्न मांगें मांगी गई। इसके बाद आयोग अध्यक्ष, जिला कलेक्टर, एस.पी, के साथ सर्वोदय नगर स्थित सफाई कर्मियों की बस्ती में गए।

# वित्तीय साक्षरता शिविर

**जालोर**, (कासं)। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर, जालोर में गुरूवार को वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

वित्तीय साक्षरता शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक धर्मेंद्र कच्छावा ने कहा कि आज के युग में सिर्फ साक्षर होना काफी नहीं है। हमें वित्तीय साक्षर भी होना पड़ेगा। बिना वित्तीय अनुशासन के कोई भी व्यक्ति जीवन में प्रगति नहीं कर सकता।

इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल लेनदेन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हमें अपने मोबाइल के गुप्त संख्या, फोन नंबर, पिन नंबर, एटीएम कार्ड के नंबर व खाता संख्या की जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करनी चाहिए साथ ही मैसेज आने पर अनजान व्यक्ति से ओटीपी भी शेयर न करें। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यो के बारे में तथा बैंकों की विभिन्न जमा व ऋण योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

# चोरी का खुलासा

**जोधपुर**, (कासं)। डेरिया गांव में हुई नकबजनी की वारदात व पचपदरा थाना के कस्बा चौकी में रखा मालखाना मे से चोरी हुये करीब 10 क्विटल डोडा पोस्त की वारदात का खुलासा ग्रामीण पुलिस ने एक बालक को निरूद्ध किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल ने इस संबंध में जानकारी दी।

# वैक्सीनेशन के साथ ही करोना नियमों की पालना भी जरूरी : जमीर अनवर

- करोना जागरूकता कार्यक्रम के तहत सिरोही जिले के तीन ब्लॉकों रेवदर, पिंडवाड़ा और आबूरोड के छह गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए
- कला जत्थों ने स्थानीय बोली और लोक शैली के जरिए जनजागरण के लिए कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

**आबूरोड**, (निसं)। यूनिसेफ भारत के सहयोग से सोसायटी टू अपलिफ्ट रूरल इकोनोमी श्योर की ओर से चलाए जा रहे करोना जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिरोही जिले के तीन ब्लॉकों रेवदर, पिंडवाडा और आबूरोड के छह गांवों में करोना जागरूकता कार्यक्रमों आयोजित किए गए।

इस दौरान कला जत्थों ने स्थानीय बोली और लोकशैली के जरिए जनजागरण के लिए करोना जागरूकता कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। आबूरोड के गणका ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों से समझाइश करते हुए युनिसेफ प्रतिनिधि जमीर अनवर ने कहा कि करोना भी दूसरी बीमारियों की तरह एक बीमारी है। लेकिन थोड़ी से सावधानी रखकर इससे बचा जा सकता है। अनवर ने कहा कि वैक्सीनेशन के साथ ही कोरोना नियमों जैसेकि नियमित रूप से हाथ धोनाए मास्क पहननाए दो गज की दूरी जैसे नियमों की पालना करके कोरोना से बचा जा सकता है। जमीर ने ग्रामीणों को समझाया कि किसी व्यक्ति में कोरोना के लक्षण दिखाने पर तुरंत जांच करवाकर और खुद को अलग कर इस संक्रमण को आगे फैलने से रोका जा सकता है।

इस अवसर पर गणका सरपंच ललितादेवी ने अपने संबोधन में कहा कि टीके की दोनो डोज लगाना जरूरी है। उन्होनें कहा कि कई लोग टीके की एक डोज लगाने के बाद दुसरी डोज से परहेज कर रहे है जो कि गलत है। टीके की दोनो डोज लगाने पर ही कोरोना के प्रति पूरी रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है। ऐसे में टीके की दोनो डोज लगाए। रेवदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिरोडी के सरपंच शैतानसिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि करोना के मामलों में कमी आते ही हम लापरवाही हो गए हैए जो गलत है। उन्होनें कहा कि कोरोना अभी तक पूरी तरह से गया नहीं हैए ऐसे में हमें भी पूरी सावधानी रखनी चाहिए।

श्योर की संयुक्त सचिव लता कच्छवाह ने बताया कि युनिसेफ भारत के सहयोग से श्योर द्वारा गांव ढाणी तक स्थानीय लोक कलाकारों की मदद से स्थानीय बोली और लोकशैली के जरिए कोरोना जागरूकता की पहल शुरू की गयी है।

कार्यक्रम प्रबंधक हनुमान चैधरी ने बताया कि बुधवार को आबूरोड़ के गणका और क्यारिया पिण्डवाडा के नागपुरा और अचपुरा और रेवदर के गुलाबगंज और सिरोडी गांवों में कोरोना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों में लोक कलाकारों ने लोकसंगीत के जरिए ग्रामीणों को समझाया कि हमें करोना को लेकर सजग रहना है।

करोना से जुड़े नियमों की पालना करनी है और खास तौर पर टीकाकरण को प्राथमिकता देनी होगी तभी इस महामारी से बचा जा सकता है।

# पाली में विज्ञान, गणित व पर्यावरण वर्चुअल प्रदर्शनी व मेले का समापन

**पाली**, (नि.सं.)। बालिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर की ओर से तीन दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी तथा वर्चुअल विज्ञान मेले का गुरूवार को पारितोषिक वितरण के साथ समापन हुआ।

संयोजक एवं प्रधानाचार्य सुनिता जोनवाल ने बताया कि पर्यावरण प्रदशनी तथा वर्चुअल विज्ञान मेले में कुल 253 प्रतिभागियों ने पंजीयन करवाया था जिसमें से 114 ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाशचन्द्र सिंघाड़िया ने कहा कि कड़ी मेहनत से ही सफलता हासिल होती है। अतः जीवन में एक लक्ष्य बनाकर प्रगति के मार्ग पर चलना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय मदन पंवार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विज्ञान में रूचि बढ़ने के साथ ही कई प्रतिभाए निखर कर सामने आती हैं । कार्यक्रम को निम्बाड़ा प्रधानाचार्य गजेन्द्र दवे, ढाबर प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार जैन , राजेन्द्र प्रसाद लखेरा ने भी संबोधित किया।

प्रभारी सचिव एवं व्याख्याता जसविन्दर कौर ने बताया कि तीन दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदशनी तथा वर्चुअल विज्ञान मेले में सेमिनार प्रतियोगिता मे मूमल राठौड प्रथम, हर्षिता दवे द्वितीय एवं नोसिम अंजुम तृतीय रही। क्वीज प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में यश डांगी प्रथम, दिनेश सैनी द्वितीय व नवीन सीरवी तृतीय, पर्यावरण अनुकूल सामग्री जूनियर वर्ग में संजय कुमार सैन प्रथम,कृष्णा आद्रा द्वितीय, जेनुअल आबीदीन तृतीय,सीनियर वर्ग में प्रदीप कुमार प्रथम, देवेन्द्र नाथ द्वितीय तथा दीक्षित चौहान तृतीय, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मे जूनियर वर्ग में रोहित भटनागर प्रथम, मोनिका चौहान द्वितीय,प्रवीण कुमार तृतीय, सीनियर वर्ग में सुनयना अरहा प्रथम, उन्नित गोस्वामी द्वितीय,छवि जांगिड तृतीय, स्वास्थ्य और स्वच्छता जूनियर वर्ग में दक्ष मालवीय प्रथम, तनीष भायल द्वितीय, फनीषा चैधरी तृतीय, सीनियर वर्ग में पूजा कुमारी प्रथम, निषा जयपाल द्वितीय,उन्नित पारीक तृतीय, गणितिय माडल जूनियर वर्ग मे कृष्णा सुथार प्रथम,सोनिया कुमारी द्वितीय, सविता तृतीय, सीनियर वर्ग में करण सुथार प्रथम, मंशा द्वितीय, पूजा कुमारी तृतीय, परिवहन माडल जूनियर वर्ग मे गीता सुथार प्रथम, सीनियर वर्ग में मनीष चौधरी प्रथम, प्रफूल सुथार द्वितीय, नितेश तृतीय, सॉफ्टवेयर और एप्स माडल जूनियर वर्ग मे महिपाल वैष्णव प्रथम, सीनियर वर्ग में विकास कुमार प्रथम,सारा मीना द्वितीय, सी.डबल्यू. एस.एन में सीनियर वर्ग में चेतना माली प्रथम रही।

इस अवसर पर दिलीप कुमार, धीरज प्रकाश, विक्रम सिंह परिहार, व्याख्याता हितेश रामावत,राजेन्द्र कुमार जैन,रतन लाल बारूपाल, भाग्यवंती बालोत, पदमावती गुर्जर, कृष्णा प्रितमानी दिलदार बागवान, चन्द्रपाल सिंह,नदीम बागवान, बलवीर कुमार पारगी, नारायण लाल जोशी, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



**पाली के बालिया बालिका उ. मा. वि. में तीन दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी तथा वर्चुअल विज्ञान मेले का पारितोषिक वितरण के साथ समापन हुआ।** फोटो-राष्ट्रदूत

# वसुंधरा राजे कल पाली में

**पाली**, (नि.सं.)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शनिवार को पाली पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लेगी। कार्यक्रम के अनुसार वसुंधरा राजे हेलीकॉप्टर से सुबह 11:00 बजे बांगड़ कॉलेज मैदान में उतरेगी। वहां से वे पूर्व जिला अध्यक्ष स्व गंगा सिंह राजपुरोहित के निवास पहुंच उनके परिजनों को सांत्वना देगी।

कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज ) 345001
क्रमांक/भूमि/2021-22/1904 दिनांक 23.11.2021
**प्रसारित नोटिस उजरदारी**
श्रीमती भंवरी देवी पत्नी श्री दीनदयाल शारदा निवासी शारदा पाडा जैसलमेर राज. द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या एच-36 साईज 150X250 फुट 37500 वर्गफीट का 1/2 भाग साईज 72X250 फुट कुल 18750 वर्गफीट वाके कॉम्पलेक्स वाणिज्यिक योजना, बाडमेर रोड जैसलमेर राज. का श्री शिवनारायण चाण्डक पुत्र श्री गोरधनदास चाण्डक निवासी ग्राम नाचना तह. पोकरण जिला जैसलमेर राज. से जरिये रजिस्टर्ड वसीयत-नामा किया गया है। उक्त भूखण्ड श्रीमती भंवरी देवी पत्नी श्री दीनदयाल शारदा पाडा जैसलमेर राज. द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।
आयुक्त,
नगर परिषद, जैसलमेर

## सार-समाचार

### अ.भा.वि.प. का अभ्यास वर्ग आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रेवदर इकाई का नगर कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर गुरूवार को श्री राम कुटिया में सम्पन्न हुआ। वर्ग के प्रथम सत्र में जोधपुर प्रांत सह मंत्री जितेंद्र संत ने परिषद के इतिहास के बारे में जानकारी दी । द्वितीय सत्र में प्रवासी कार्यकर्ता प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जयेश कुमार सोलंकी ने विद्यार्थी परिषद की कार्यपद्धति के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। वर्ग का संचालन प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रवि जोशी ने किया।वर्ग के अन्त में जिला संयोजक उर्वशी देसाई ने आगामी सत्र के लिए रेवदर इकाई की घोषणा की। नगर अध्यक्ष अर्जुन सिंह, नगर मंत्री प्रवीण पंचाल, नगर सह मंत्री शांतिलाल प्रजापत, महेन्द्र कोली करेली, कैलाश डुडी, एसएफडी संयोजक जयेश पुरोहित, समिति सदस्य दिनेश चौधरी, एसएफएस संयोजक प्रताप सिंह, समिति सदस्य मुकेश कुमार, राष्टीय कला मंच संयोजक खुशी, समिति सदस्य प्रीति जैन, सीमा, गुडिया, सोशल मीडिया संयोजक महेंद्र कोली रेवदर, एनसीसी एनएसएस स्पोर्ट्स संयोजक श्रवण चौधरी, विद्यालय प्रमुख अशोक दान चारण, छात्रावास प्रमुख चन्द्रशेखर जोशी, कार्यकारिणी सदस्य गोदाराम, चन्द्रा, विष्णु, जोग सिंह, कमलेश, जिग्नेश, नरपत, पारस को मनोनीत किया गया।

### सुमेरपुर पालिका पर भेदभाव के आरोप

**सुमेरपुर**, (निसं)। शहर के कब्रिस्तान विकास कार्य सहित अन्य विकास कार्यो में नगरपालिका तखतगढ़ प्रशासन द्वारा भेदभाव करने का आरोप मुस्लिम समुदाय के लोगो ने लगाया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अवगत करवाया कि शहर में स्थित कब्रिस्तान के बाहर सीसी ब्लॉक बिछाने को लेकर पिछले 2 वर्षों से पालिका को लिखित में देने के बावजूद पालिका प्रशासन इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस सबंध में किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कब्रिस्तान के बाहर सीसी ब्लॉक नहीं होने से कब्रिस्तान के बाहर गंदगी का आलम बना रहा है। आए दिन वहां सुअर सहित गायो का जमावडा रहता है ऐसे में ऐसे में समाज के लोगो में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। वार्ड 12 के निवासी हाजी मोहम्मद ने बताया कि इस सबंध में पिछले बोर्ड को कई बार अवगत करवाया और इस बोर्ड को भी कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन स्थिति आज भी जस से तस है। इस सबंध में ईओ से जानकारी चाही लेकिन उन्होंने अपना फोन उठाना रिसीव नहीं किया।

### आबूरोड कॉलेज में शिविर आयोजित

**आबूरोड**, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय आबूरोड में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय कैम्प का गुरूवार को आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य भूराराम द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुडने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में डॉ.हनुमन्त सिंह चौहान द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला व मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत वोटिंग ऐप की जानकारी दी। इन्दु आसेरी ने विद्यार्थियों को कहानियों के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुडने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम चन्द ने विद्यार्थियों को राष्ट्र व समाज से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। एक दिवसीय शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में श्रमदान किया। कार्यक्रम में महेन्द्र देवन्दा, सहायक आचार्य व महेन्द्र माली, पी.टी.आई. उपस्थित रहे।

### सॉफ्टबॉल का ट्रायल संपन्न

**आबूरोड**, (निसं)। सिरोही जिला सॉफ्टबॉल संघ की तरफ से सब जूनियर व सीनियर सॉफ्टबॉल का ट्रायल आज 25 नवंबर को रेलवे ग्राउंड आबूरोड में आयोजित हुई। नगरपालिका के उपाध्यक्ष रवि शर्मा एवं सिरोही जिला सॉफ्टबॉल के पूर्व अध्यक्ष कबड्डी संघ के अध्यक्ष सागरमल अग्गरवाल के मुख्य आतिथ्य के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को प्रदीप कुमार मित्तल थानसिंह सुनील जैन ने भी संबोधित किया। चयन समिति में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सिरोही सॉफ्टबाल कोच नेहा शर्मा, अभिषेक शर्मा, जयदीप कुमार, अब्दुल कायमखानी, परवीन कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन किया। चयनित खिलाड़ियों में सब जूनियर वर्ग में अंतु कुमारी, तनीषा ट्विंकल एवं मानसी कुमारी, अशोक कुमार, उज्जवल कुमार, रुद्रा, सीनियर वर्ग प्रीति कुमारी, दिव्या कुमारी, दीपक कुमार, प्रवीण कुमार, गोविंद, तेजस माली प्रमुख रहे। सिरोही जिले सॉफ्टबाल संघ के सचिव दीपेश अग्रवाल ने बताया ये खिलाड़ी 27 व 28 नवम्बर को जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल शिविर में हिस्सा लेंगे। वहां से चयनित खिलाड़ियों को सीनियर व सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान टीम के लिए प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

### मोदी सरकार के फैसले से खुशी

**आबूरोड**, (निसं)। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के जिला अध्यक्ष विजय गोठवाल ने मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को मार्च 2022 तक बढ़ाने पर हर्ष व्यक्त किया। गोठवाल ने बताया कि अभी इस योजना की मियाद 30 नवंबर 2021 को समाप्त हो रही थी इसका मतलब यह है कि देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों को मार्च 2022 तक मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। पीएमवाय शेजना के तहत परिवार को प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मुफ्त दिया जाता है माना जा रहा है कि अगले साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार ने फैसला लिया है। बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह बडा फैसला कर लिया गया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के जिला अध्यक्ष गोठवाल ने प्रधानमंत्री का आभार जताया।

### अवैध बजरी सहित ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के बागरा पुलिस ने गुरुवार को अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर मय ट्रोली जब्त की। अवैध बजरी खनन माफियाओं के विरूद्ध अभियान के तहत बागरा पुलिस ने नरपडा नदी में से अवैध बजरी खनन कर सरहद नरपडा में करणी माता मन्दिर के पास परिवहन करते हुये पाये जाने पर एक ट्रैक्टर महिन्द्रा टेक्ट्रर मय ट्रोली को चालक श्री लुकाराम पुत्र जेरूपाराम जाति मेघवाल निवासी नरपडा पुलिस थाना बागरा के कब्जा से अवैध बजरी से भरा हुआ उक्त वाहन को धारा 207 एम. वी. एक्ट में जब्त कर पुलिस थाना बागरा के परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया जाकर सूचना अभियन्ता खनिज विभाग को दी गई।

### कौमी एकता सप्ताह का समापन

**जालोर**, (कासं)। नेहरू युवा केन्द्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर शुरू हुए कौमी एकता सप्ताह का समापन गुरूवार को हुआ। समापन समारोह में कौमी एकता की शपथ दिलाई गई। साथ ही श्रेष्ट भारत, एक भारत व साम्प्रदायिक सद्भाव की विचारधारा के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया। मूंगाराम चौधरी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री ने परमाणु, ऊर्जा, हरित क्रांति एवं अराजकता के दौरान शरणार्थी शिविरों को संगठित करने के कार्य किए। इस अवसर पर उप निदेशक किशनलाल जाट, एमटीएम खसाराम, हिमांशु राव, विशाल दवे उपस्थित रहे।

### बालिकाओं को साइकिल दी

**आबूरोड**, (निसं)। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत गुरूवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरपगला में छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधान लीलाराम गरासिया पूर्व सरपंच जीवाराम सहित कई जने उपस्थित रहे।

### नाली निर्माण के जांच की मांग

**आबूरोड**, (निसं)। भाजयुमो महामंत्री जीतेन्द्र परमार किवरली ने प्रशासन गांवों के संघ अभियान किवरली वार्ड नम्बर 3 नाली निर्माण स्वीकृत बजट 2017 के द्वारा कार्य नहीं होने पर भौगोलिक जांच करने के लिए उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया कि स्वीकृत बजट का कार्य नहीं होने पर भी दस्तावेज में बजट का भुगतान किया गया है। ज्ञापन में नाली निर्माण कार्य के भौतिक सत्यापन की मांग की गई है।

### जालोर में विचार गोष्ठी कल

**जालोर**, (कासं)। जालोर विकास समिति तथा सिनीयर सिटीजन फारम के संयुक्त तत्वावधान में जालोर जन मंच की ओर से प्रति माह आयोजित की जाने वाली विचार गोष्ठी शनिवार को आयोजित होगी। संगोष्ठी संयोजक परमानन्द भट्ट ने बताया कि सिटीजन पार्क, शिवाजी नगर जालोर के सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि संगोष्ठी का विषय जालोर महोत्सव का आयोजन और सार्थकता रहेगा। गोष्ठी में जालोर महोत्सव को और प्रभावी बनाने तथा जालोर की कला, साहित्य, संस्कृति, धरोहर, खेलकूद तथा पर्यटन को बढ़ाने के क्रम में चर्चा होगी।

# भाजपा की जन आक्रोश रैली आज, धरने की तैयारी

**जालोर**,(कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय जालोर पर भाजपा जालोर की ओर से 26 नवम्बर को प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ धरना, प्रदर्शन व जन आक्रोश रैली, हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर गुरूवार को भाजपा की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने सभी जिला पदाधिकारियो व जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम को लेकर अंतिम रूपरेखा तैयार की। जिला मुख्यालय जालोर पर भाजपा द्वारा मल्केश्वर मठ संघ कार्यालय के पास भगतसिंह स्टेडियम के सामने धरना प्रदर्शन व आक्रोश रैली के आयोजन में जिले के सभी मंडलों से भाजपा के सभी मोर्चों के पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी।

जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जालोर जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन (जन आक्रोश रैली) में कार्यकर्ताओं व आमजन की सहभागिता रहे। इसलिए सभी से सुझाव लिए गए। बैठक में आगामी हल्ला बोल आक्रोश रैली सफल बनाने के लिए सभी बूथों व वार्डों के संयोजक बना कर जिम्मेदारी दी गई। सभी से कहा कि कांग्रेस सरकार की विफलताओं को आमजन तक पहुंचाएं।




जालोर के भाजपा कार्यालय में जन आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक में सभी वार्ड संयोजकों को राज्य सरकार की विफलतओं को जन जन तक पहुंचाने और रैली को सफल बनाने के लिए योजना बनाई गई।

बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व जिला प्रमुख वनेसिंह गोहिल, नगर परिषद सभापति गोविंद टांक, नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह सिसोदिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धुंखाराम राजपुरोहित, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ रमेश राणा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष भेरूदान चारण मेघराज चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जेतावाड़ा में प्रशासन गांवों के संग शिविर आयोजित



मंडार के पास ग्राम पंचायत जेतावाडा में सरपंच सरदारराम कोली, उपखंड अधिकारी रामलाल चौधरी की अध्यक्षता में प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**मंडार**, (निसं)। सिरोही जिले में मंडार के पास ग्राम पंचायत जेतावाडा में गुरुवार को सरपंच सरदारराम कोली, शिविर प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी रामलाल चौधरी की अध्यक्षता में प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन की समस्याओं का शिविर स्थल पर ही समाधान किया गया।

शिविर में विकास अधिकारी मनहर विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों को 85 आवासीय पट्टे वितरण किए गए।

स्वच्छ भारत मिशन शौचालय आवेदन, नए 1०जॉब कार्ड भी बनाए गए। पीएम आवास योजना में1०मकान भी स्वीकृत किए गए। इस मौके पर तहसीलदार जितेंद्रसिंह, विकास अधिकारी मनहर विश्नोई , उप तहसीलदार रामलाल , पटवारी गोमाराम, नरपतसिंह, ग्राम विकास अधिकारी रणजीतकुमार वाणिका, सरवनगोयल,कृष्णलाल राणा, जलदाय विभाग के खुशीराम मीणा, विद्युत विभाग के लवकुमार, कृषि पर्यवेक्षक पुराराम चौहान ने महिला बाल विकास संजय कुमार, पशु चिकित्सक अमरसिंह, डॉक्टर उपेंद्र सिंह, रेवदर नायब तहसीलदार किशोर कुमार सैनी, उपसंरपच नारायण सिंह बिका, उप सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष सुजान सिंह वडवज, वार्ड सदस्य हिरसिंह बिका, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भैराराम चौधरी, केराराम, दिनेश चौधरी ग्रामीण व सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बीमा कंपनियों की बैठक

**जालोर**,(कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने गुरूवार को बीमा कंपनियों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि एमएसीटी के प्रकरणों में राजीनामा करने हेतु बीमा कंपनियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रकरणों में निस्तारण हेतु उचित प्रयास करें। उन्होंने बैठक के दौरान 11 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण के प्रयास करने को कहा।

- **11 दिस.को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण के प्रयास करने को कहा**

उन्होंने कहा कि जिन न्यायालयों में एमएससीटी से संबंधित प्रकरण चल रहे उन न्यायालयों से संपर्क कर जिन जिन प्रकरणों का निस्तारण हो सकता है। उनकी सूची प्रेषित करें साथ ही पक्षकारान के साथ भी आपके स्तर पर भी संपर्क करें एवं प्रकरण में राजीनामा का प्रयास करें। इस दौरान उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि बीमा कंपनी की तरफ से राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन संबंधित न्यायालय में अपने सक्षम प्राधिकारी या प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित करें, जो प्रकरण में राजीनामा करने के लिए सक्षम हो। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायालयों द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वे अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों को जरिये राजीनामा निस्तारण के लिए संबंधित न्यायालय में जाकर प्रकरण लोक अदालत के लिए रैफर करवाएं।

# ‘टीकाकरण अभियान सफल करें’

**जालोर**, (कासं)। कलैक्टर नम्रता वृष्णि ने वीडियो संदेश जारी कर जिलेवासियों से 27 नवम्बर को चिकित्सा विभाग द्वारा आमजन को कोविड-19 संक्रमण की संभावित तीसरी लहर से सुरक्षित करने एवं टीकाकरण से वंचित पात्र व्यक्तियों को टीकाकृत करने के लिए कोविड-19 टीकाकरण महाभियान को सफल बनाने की अपील की है।

उन्होंने प्रथम एवं द्वितीय डोज से वंचित लाभार्थियों को आवश्यक रूप से अपने निकटतम कोविड टीकाकरण स्थल पर टीकाकरण करवाकर कोविड संक्रमण से सुरक्षित रहने की बात कही।

गौरतलब है कि 27 नवम्बर को जिलेभर में 492 टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड-19 टीकाकरण महाभियान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें टीकाकरण से वंचित पात्र लाभार्थियों को टीकाकृत किया जायेगा।

# विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठायें : नाजिम अली

**बाड़मेर**, (निसं)। जालोर जिले में विद्युत चोरियों पर प्रभावी रोकथाम के लिए सभी अधिकारी फील्ड पर भ्रमण कर आकस्मिक जांच कर कार्रवाई करें, जिससे विद्युत चोरियों पर प्रभावी नकेल कसी जा सके। यह बात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतर्कता जोधपुर डिस्कॉम जोधपुर नाजिम अली ने गुरूवार को विद्युत चोरी निरोधक थाना बाड़मेर का निरीक्षण कर डिस्कॉम अधिकारियों के साथ बैठक में कही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर नाजिम अली ने कहा कि विगत कुछ दिनों से जिले में अवैध ट्रांसफॉर्मर बड़ी संख्या में पकड़ में आए हैं। इससे अंदेशा हैं कि जिले के अन्य जगहों पर भी इस प्रकार की अवैध ट्रांसफॉर्मर के जरिए विद्युत चोरी की जा रही हैं। इसलिए इस पर प्रभावी अंकुश के लिए टीमे बनाकर सघन सतर्कता जांच की कार्यवाही शुरू की जाए।

उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी के कारण आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली नहीं मिल पाती हैं बल्कि छीजत बढ़ने के कारण बिजली भी महंगी हो जाती हैं।



बाड़मेर में विद्युत चोरी रोकथाम को लेकर ए.एस.पी. (सतर्कता) जोधपुर डिस्कॉम नाजिम अली ने अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक में मुख्य अभियंता बाड़मेर डॉ. संजय वाजपेयी, जोधपुर डिस्कॉम बाड़मेर के अधीक्षण अभियंता अजय माथुर, अधिशाषी अभियंता (सतर्कता) जोधपुर डिस्कॉम बाड़मेर दूर्गाराम चौधरी एवं सहायक अभियंता (सतर्कता) जोधपुर डिस्कॉम, बाड़मेर के.के. वैष्णव, प्रावैधिक सहायक कैलाश कुमार, विद्युत चोरी निरोधक थाना के थाना प्रभारी कर्णसिंह मौजुद रहे। बैठक में जिले में की जा रही सतर्कता जांच की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई एवं सतर्कता जांच की कार्यवाही को ओर ज्यादा प्रभावी बनाने एवं सतर्कता जांच कर छीजत को कम करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने आमजन से भी अपने आस-पास हो रही विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नंबर एवं खंड स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क नंबर पर दर्ज कराने का आव्हान किया, ताकि विद्युत चोरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

बताया गया कि चोरियों की रोकथाम होने एवं छीजत कम होने से ही आम उपभोक्ताओं एवं किसानों को गुणवत्ता पूर्ण बिजली आपूर्ति हो पाएगी।

बैठक से पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर नाजिम अली ने थाने का निरीक्षण किया एवं थाना प्रभारी मय पुलिस जवानों की कार्य व्यवस्था की जानकारी लेकर उन्हें सतर्कता जांच के दौरान मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## सार-समाचार

### अचपुरा में प्रशासन गांवों के संग शिविर

**स्वरूपगंज**,(निसं)। ग्राम पंचायत अचपुरा में प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन शिविर प्रभारी पिंडवाड़ा उपखण्ड अधिकारी हसमुख कुमार के नेतृत्व में किया गया। शिविर में क्षेत्रीय जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव नींबाराम गरासिया ने जायजा लिया तथा ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर निस्तारण के किये अधिकारियों को निर्देशित किया। शिविर में पीसीसी सचिव नींबाराम गरासिया, एसडीएम हसमुख कुमार, तहसीलदार मादाराम मीणा, विकास अधिकारी हनुवीर विश्नोई व सरपंच बालकी देवी, जिला परिषद सदस्य रीना राजपुरोहित, पंचायत समिति सदस्य मोहनलाल मेघवाल ने शिविर में 62 लोगो को आवासीय पट्टे वितरित कर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना। ग्राम विकास अधिकारी भरत प्रजापत ने बताया कि ग्राम पंचायत अचपुरा में प्रशासन गांवों के संग शिविर में19 विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों ने विभिन्न जन समस्या का समाधान किया व जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया। शिविर में 62 पट्टे, जॉब कार्ड 17, विद्युत मीटर वितरण 45, एसबीएम स्वीकृति 51, श्रमिक कार्ड वितरण 6०, पीएम आवास 51, पीपीओ पेंशन स्वीकृति 1 व 96 म्यूटेशन भरे गए। सिरोही जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद ने शिविर का जायजा लिया। शिविर में सरपंच बालकी देवी, तहसीलदार मादाराम मीणा, विकास अधिकारी हनुवीर विश्नोई, नायब तहसीलदार विकास सागर, ग्राम विकास अधिकारी भरत प्रजापत, भूअभिलेख निरक्षक चुनीलाल परोहित, पटवारी विकास कुमार, लौटाना सरपंच नवाराम गरासिया, विधुत विभाग सहायक अभियंता हेमेंद्र सिंह बारहठ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रति.संपन्न

**सिवाना**,(निसं)। मोरल एजुकेशन एकेडमी प्रांगण सिवाना में 14 वर्ष छात्र छात्रा की जिला स्तरीय 65 वी हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह गुरुवार को प्रधान मुकनसिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी कुसुमलता चौहान ने की। पूर्व विधायक मोटाराम मेघवाल, कांग्रेस खाद्य ग्रामाद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रमेशकुमार सांखला, कांग्रेस के युवा नेता सुरेशकुमार सांखला, दानदाता किशोरकुमार सांखला, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमानराम चौधरी, पहाडसिंह कुंडल ने भी सम्बोधित किया। संस्था प्रधान जॉय कुमारी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। समारोह में दानदाता, जयंतीलाल छाजेड, माणकचन्द ललवानी, पुखराज राजपुरोहित, भेरूसिंह, वालसिंह, निर्मलसिंह राजपुरोहित मेली का बहुमान किया गया। छात्र वर्ग में प्रथम स्थान राउमावि इंद्रोई , द्वितीय स्थान आदर्श बाल मन्दिर मा वी सिवाना, तृतीय स्थान रामावि नई खाखरलाई ने प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान रामावि नई खाखरलाई, द्वितीय स्थान माध्यमिक विद्यालयआदर्श बाल मन्दिर सिवाना, व तृतीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काहू का खेडा ने प्राप्त किया। बेस्ट ऑफ द प्लेयर का खिताब छात्र वर्ग में दशरथसिंह इंद्रोई, छात्रा वर्ग में लीला कुमारी नई खाखरलाई, व पीयूष पुनिया काहू का खेडा ने प्राप्त किया। विद्यालय समिति सचिव दीपक पी. नायर ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की कुल 26 टीमो ने भाग लिया। जिसमे छात्र वर्ग की 16 व छात्रा वर्ग की दस टीमें सम्मिलित थी। विद्यालय प्रबंधन समिति निदेशक रमेश सांखला व सचिव दीपक पी.नायर ने आभार जताया। मंच का सचालन विक्रमकुमार जैन ने किया।

### जोधपुर के एयरपोर्ट विस्तार की मांग

**रेवदर**, (निसं)। सांसद नीरज डांगी ने जोधपुर में एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भूमि आवंटन के लिए रक्षा मंत्री से वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने का आग्रह किया। राजस्थान से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ने रक्षा मंत्री, भारत सरकार राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर आग्रह किया कि जोधपुर में सिविल एयरपोर्ट के विस्तार लिए आवंटित की जाने वाली 69 एकड भूमि हेतु देय राशि रूपये 93.77 करोड को स्वीकृत करने के निर्देश प्रदान करावें, ताकि भूमि आवंटन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की जा सके। डांगी ने बताया कि स्वर्ण नगरी- जोधपुर में पर्यटन को बढावा देने एवं क्षेत्र के विकास के मध्यनजर जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार एवं विकास की महत्वपूर्ण परियोजना को मूर्तरूप देने हेतु नगर निगम जोधपुर के गांव विनायिका व भिवंडली की 68 एकड भूमि सशुल्क इंडियन एयरफोर्स / एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया को हस्तांतरित किये जाने हेतु भारतीय वायुसेना, राजस्थान सरकार भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण व नगर निगम जोधपुर के मध्य 27 मार्च 2017 को एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था। उक्त एम.ओ.यू के तहत जोधपुर में सिविल एयरपोर्ट विस्तार के लिए आवंटित भूमि के लिए रुपये 83.77 करोड़ (अक्षरे तिरानवे करोड़ सतहतर लाख रूपये मात्र ) की राशि रक्षा मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त किये जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिमण्डल की आज्ञा संख्या 8/2020 के द्वारा अनुमोदन किया गया था। डांगी ने रक्षा मंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, अशोक गहलोत के निर्देशानुसार राजस्थान सरकार द्वारा इस संदर्भ में रक्षा मंत्रालय से लगातार पत्र व्यवहार कर सक्षम स्तर पर स्वीकृति का आग्रह किया जाता रहा है। परन्तु उक्त भूमि आवटन के विरुद्ध रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देय राशि की वित्तीय स्वीकृति जारी होना अभी भी शेष है। डागी ने आग्रह किया है कि आवंटित की जाने वाली भूमि हेतु देय राशि रूपये 93.77 करोड़ की स्वीकृत रक्षा मंत्रालय से अविलम्ब जारी कराये, ताकि भूमि आवंटन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की जाकर परियोजना को मूर्त रूप दिया जा सके।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता जारी

**बाड़मेर**,(निसं)।65 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय आदर्श स्टेडियम में किया जा रहा है, जिसमे राज्य भर से करीब 1200० खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। बुधवार को चुरू के खिलाड़ी छाए रहे। चयन समिति व निर्णायक मंडल के सयोंजक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि 19 वर्ष लॉन्ग जंप में जयपुर प्रथम से विकास चौधरी प्रथम, समीर खान द्वितीय व श्री गंगानगर से जगसिर सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह ऊंची कूद में चूरू के मुरलीधर ने प्रथम, जयपुर प्रथम से कृष्णा जांगिड़ ने द्वितीय व बाड़मेर के रिडमल राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में सीकर के सिद्धार्थ चौधरी ने प्रथम , चूरू के रविंद्र सिंह द्वितीय व झुंझुनू के सूरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही 17 वर्ष गोला फेंक में चूरू के दिनेश ने प्रथम, चूरू के अशोक पूनिया द्वितीय व झुंझुनू के हंसराज धायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में चूरू के मनदीप सिंह प्रथम, सीकर के सोनू यादव द्वितीय व नागौर के परमेश्वर लाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का समापन समारोह 28 नवंबर को एमबीसी गांधी चौक स्कूल में आयोजित किया जाएगा, जिसमे वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

### भाषण व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। पिंडवाड़ा तहसील के युवाओं को लोकतन्त्र मैं भूमिका निभाने के लिए मतदान में जोड़ने के लिए मतदान परिचय पत्र बनाने के लिए सरकार द्वारा युवाओं को जागरूक करने को लेकर स्थानीय जे. आर. महाविद्यालय के प्रांगण में संत रेवानाथ महाराज के सानिध्य में नायब तहसीलदार दलपत सिंह, शैतान सिंह देवडा की मौजूदगी में रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जग्गू सिंह ने संत व अतिथियों का स्वागत किया व नायब तहसीलदार राठौड ने मतदान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बी. एल. ओ. ने मतदान और वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के विषय में जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ने वोटर हेल्प लाइन नंबर के बारे में जानकारी साझा की। रतिराम प्रजापत राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के दिशा निर्देश अनुसार कार्यक्रम हुआ। नरेश थिंगोर, रिक्षित सिंह, खुशवंत सिंह हिंगलाज दान, दशरथ गर्ग, बसंत देवासी उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ शेखावत का सम्मेलन 29 से

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जालोर का जिला शैक्षिक सम्मेलन 29 व 30 नवम्बर को जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार जालोर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर आर्य आर्य वीर दल, वीरम व्यायामशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवदत्त आर्य के मुख्य आतिथ्य में तथा जिला संयोजक दलपत सिंह आर्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई। संघ के जिला सह संयोजक गोविंद सिंह राव ने बताया कि जिला शैक्षिक सम्मेलन का संयोजक बरकत खान को , सह संयोजक श्रीमती दमयंती वैष्णव, भंवरू खान व भोलाराम देवासी को तथा सम्मेलन कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सुंदेशा को नियुक्त किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए शिक्षकों ने आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की। बैठक में स्वागत समिति, भोजन निर्माण समिति व अन्य समितियों पर विभिन्न अतिथियों को आमंत्रित करने की चर्चा की गई। बैठक में करोना देखते हुए कार्य म आयोजित करने का भी निर्णय दिया गया।

